सेवा में,

श्रीमान् प्रवर पुलिस अधीक्षक,
गुड़गांवा रैंज, गुड़गांवा । ।

विषय: शिकायत बर खिलाफ मैसर्ज फैशन एक्सप्रैस के महाप्रबन्धक (एम.डी.) तेज प्रताप ममिक व प्रबन्धक गौरव ममिक, प्लाट नं0 0100, उद्योग विहार, फेज्-1, गुड़गांव बाबत अपहरण करवाकर जान से मारने की धमकी, अभद्र भाषा, व **Sexsual Harassment** *बारे शिकायत पत्र ।*

श्रीमान् जी,

शिकायतकर्ता निम्नलिखित निवेदन करता है कि:-

1. यह कि हम मैसर्ज फैशन एक्सप्रैस में कार्यरत श्रमिक है।

2. यह कि कम्पनी के महाप्रबन्धक व प्रबन्धक ने 20 प्रतिशत बोनस व गिफ्ट देने थे तो इस बार कम्पनी ने हमें बोनस वगैरा ना दिया तो हमने दिनांक 09.11.2005 को श्रम अधिकारी से शिकायत की तो श्रम अधिकारी ने 14.11.2005 की तिथि सुनवाई के लिए निश्चित की तो महाप्रबन्धक व प्रबन्धक गुस्से में आए हुए थे ।

3. यह कि दिनांक 10.11.2005 को प्रबन्धक गौरव ममिक की शिकायत की सूचना पाकर हम सभी को अपने मीटिंग हॉल में बुलाया और गन्दी-गन्दी गालियॉ देने लगे तो उसकी आवाज सुनकर महाप्रबन्धक (एम.डी) भी वहां आ गया तो वह दोनों कहने लगे की मैं कम्पनी का मालिक हूँ मेरे पास बहुत पैसा है । मैं चाहे जो करूंगा तुम मेरे सामने चिटीं के समान हो, हम तुम्हें चिटीं की तरह मसलवा देंगे हम सभी वहां मिटिंग में मौजूद थे तो वहां अन्य आदमी जो हमारे साथ काम करते है उन्होंने कहा कि औरतो के प्रति गन्दी-गन्दी गालियॉ मत दो यह अच्छा नहीं लगता । उन्होंने कहा कि आप औरतों को गालियॉ मत निकालो तो उन्होंने कहा कि तुम बीच में बोलने वाले कौन होते हो अपना

Received
R/W
A/pe
6-1-06

क्रमशः...पेज/2

काम करो । तो कम्पनी के एम.डी. ने हाथों का इशारा करते हुए कहा कि *मैं तुम्हारी पूंगी बजा दूंगा और गुंडे बुलावकर तुम्हारे बलाऊज फडवाकर तुम्हें नंगा करके सारी कम्पनी में घुमा दूंगा तुम मेरा क्या कर लोंगे । हमारे साथ बहुत बदतमीजी की ऐसी-ऐसी गालियाँ दी जिसका वर्णन करना सम्भव नहीं है।*

4. यह कि कम्पनी मालिक व उसका बेटा हमारे को ***सैक्सुयल हरासमेन्ट* (sexual harassment)** करता रहता है और हमारे को गन्दी-गन्दी गालियाँ देता रहता है ताकि यह तंग आकर कम्पनी छोड़ जाएं।

5. यह कि हमारे साथ कम्पनी मालिक व उसके बेटे ने मेरे को औरत समझकर बहुत बुरा-बुरा व्यवहार करते है। ओवर एक्टिंग करते रहते है और मेरे खिलाफ कोई षडयंत्र रचकर मेरे खिलाफ कुछ न कुछ गलत काम कर सकते है और मेरे को उठवा सकते है और जान से मार सकते है।

अत: जनाब से यह प्रार्थना है कि दोषीगण के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जावें और मेरी जान व माल की रक्षा की जावें। जनाब की अति कृपा होगी।

शिकायतकर्ता

दिनांक: 06.01.06

जाफर राजा	0015	[signature]
किशोर कपूर	0011	[signature]
नन्द किशोर	0021	[signature]
निहाल सिंह	0120	Nihal singh
रविन्द्र कुमार III	0071	[signature]
उमेश पाण्डे	0126	[signature]
रामवृक्ष पाण्डे	0018	Pandey